BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 29 जून, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली देहात**

आलू व्यापारी की हत्या का सफल अनावरण, मुठभेड़ के दौरान वांछित अपराधी घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा कारतूस व बाइक बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.06.2024 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम व स्वाट टीम एक अभिसूचना पर ग्राम भाईपुरा के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी, इसी दौरान बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया। जिसको रूकने का इशारा किया गया तो अभियुक्त मुड़कर तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो ग्राम भाईपुरा से अनूपशहर रोड के पास निर्माणाधीन शवदाह स्थल के निकट बदमाश को घेर लिया गया। जिस पर बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान सलमान पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम खंदावली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई हैं। उल्लेखनीय है कि बदमाश सलमान शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं-359/2024 धारा 302 भादवि में वांछित चल रहा था।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.06.2024 की सुबह लगभग 11.00 बजे नवीन मन्डी बुलन्दशहर से अपने घर औरंगाबाद वापस लौटते समय जंगल ग्राम मौसमगढ़ में आलू व्यापारी फखरूद्दीन उर्फ फकरू पुत्र अब्दुल वहीद निवासी मौहल्ला रंगरेजान कस्बा व थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में मृतक के पुत्र मौ0 अदनान द्वारा थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 359/24 धारा 302 भादवि पंजीकृत कराया गया था। उक्त घटना को अत्यधिक गंभीरता से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा घटना के अनावरण के लिए स्वाट टीम, सर्विलांस टीम तथा थाना कोतवाली देहात से 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसमें आज वांछित अपराधी सलमान को मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था मे गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- सलमान पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम खंदावली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।

2- 01 मोटरसाईकिल हीरो स्पलैन्डर (बिना नम्बर)

अभियुक्त सलमान का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-359/2024 धारा 302 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

2-

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- निरीक्षक श्री सोमवीर सिंह थाना प्रभारी कोतवाली देहात।

2- निरीक्षक अपराध श्री आसिफ अली कोतवाली देहात।

3- उ0नि0 बलवीर सिंह, उ0नि0 श्री कुमार पवन, उ0नि0 वरूण शर्मा, उ0नि0 शारिक बेग, उ0नि0 प्रशिक्षु भानुप्रताप सिंह।

4- का0 सोनवीर, का0 देवेन्द्र सिंह, का0 श्याम सुन्दर, का0 राजकुमार।

स्वाट टीम-

1- निरीक्षक मोहम्मद असलम, प्रभारी स्वाट।

2- उ0नि0 शिवम तोमर, उ0नि0 मनोज दीक्षित।

3- है0का अशोक यादव, है0का0 कपिल नैन, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, का0 सचिन कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 रोहित कुमार।

मीडिया सेल बुलंदशहर